# नाम जपो जी नाम जपो | By Gyan Pankaj Agarwal

नाम जपो जी नाम जपो
श्याम धणी का नाम जपो
ध्यान धरो जी ध्यान धरो
श्याम का मन में ध्यान धरो
गर प्रभु को सेवा भाएगी
तुझे श्याम कृपा मिल जायेगी
नाम जपो जी नाम जपो
श्याम धणी का नाम जपो
ध्यान धरो जी ध्यान धरो
श्याम का मन में ध्यान धरो

कलयुग में है श्याम नाम आधार
करते हमपे सदा ही ये उपकार
तू जान ले ये मान ले
ना कर फिकर काहे का डर
जब तेरी बारी आएगी,
तेरी नैया तर जायेगी
नाम जपो जी नाम जपो
श्याम धणी का नाम जपो
ध्यान धरो जी ध्यान धरो
श्याम का मन में ध्यान धरो

करता है अपने प्रेमी से प्यार
पिता के जैसा देता श्याम दुलार
ये ही पालता है संभालता
ये ही देखता पहचानता
क्यूँ चिंता तुझे सताएगी
तेरी बिगड़ी बन जाएगी
नाम जपो जी नाम जपो
श्याम धणी का नाम जपो
ध्यान धरो जी ध्यान धरो
श्याम का मन में ध्यान धरो

सरल का जीवन श्याम सँवारे है
हर संकट से मुझे उबारे है
आभार है मेरे श्याम का
उपकार है मेरे श्याम का
अब नाम की मस्ती छाएगी
जो भव से पार कराएगी
नाम जपो जी नाम जपो
श्याम धणी का नाम जपो
ध्यान धरो जी ध्यान धरो
श्याम का मन में ध्यान धरो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%9c%e0%a4%aa%e0%a5%8b-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%9c%e0%a4%aa%e0%a5%8b-by-

gyan-pankaj-agarwal/